फर्द अहकाम

कार्यालय सहायक कलक्टर(SDO) मावली, उदयपुर

प्रार्थी :– श्री चन्द्रप्रकाश **विपक्षी :– राज्य**

किस्म मुकदमा – 136 भू.रा.अधि. **पत्रावली संख्या : 122/24**

जीसीएमएस : 2024/476

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक : 04.12.2024 पत्रावली प्रार्थी द्वारा शीघ्र सुनवाई का प्रार्थना पत्र पेश करने पर तलब की गई। तहसीलदार मावली से रिपोर्ट प्राप्त। शामिल फाईल रहे। प्रार्थी की बहस सुनी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। दस्तावेजात का अध्ययन किया। प्रार्थी की बहस पर मनन किया। प्रार्थी द्वारा राजस्व रेकार्ड में प्रार्थी का नाम प्रकाश पिता गणेश गलत अंकित होना बताया जिसे दुरूस्त किया जाने का निवेदन किया। राजपैरोकार द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर नाम गलत अंकित होने से उसे संशोधन किया जाने हेतु कोई आपत्ति जाहिर नहीं की है। प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र के समर्थन में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान की अंक तालिका की प्रति, ड्राईविंग लाईसेन्स की प्रति, पेन कार्ड की प्रति, जन आधार कार्ड की प्रति, आधार कार्ड की प्रति, ट्रान्सफर सर्टिफिकेट फार्म की प्रति, 50/– रूपये स्टाम्प पर प्रार्थी की माता प्रेमीदेवी का शपथ पत्र, ग्राम पंचायत चंगेडी द्वारा जारी प्रमाण पत्र क्रमांक 2024–25 दिनांक 13.11.24 प्रस्तुत कर नाम संशोधन किया जाने का निवेदन किया। तहसीलदार मावली द्वारा भी रिपोर्ट पेश कर प्रकाश पिता चन्द्रप्रकाश दोनो को एक ही व्यक्ति होना बताया। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज एवं तहसीलदार मावली की रिपोर्ट के आधार पर प्रार्थी का नाम राजस्व रेकार्ड में गलत अंकित होने से सही किया जाना उचित प्रतीत होता हैं। अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य पाया जाता हैं। **–: आदेश :–** परिणामस्वरूप प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 भू. राजस्व अधिनियम का स्वीकार किया जाता है कि मौजा चंगेडी पटवार हल्का चंगेडी की जमाबन्दी नकल सम्वत् 2077–80 के खाता संख्या 354 भूमि में खातेदार प्रकाश पिता गणेश के बजाय चन्द्रप्रकाश पिता गणेश संशोधन किया जावे। पालना हेतु तहसीलदार मावली को लिखा जावें। पत्रावली फैसल सुमार होकर नम्बर से कम हो। निर्णय खुले ईजलास लिखा जाकर सुनाया गया। **(रमेश सीरवी पुनाडिया R.A.S.)** **सहायक कलक्टर** **(SDO) मावली**	

Signature Not Verified

Digitally signed by Ramesh Sirvi Punadia
Date: 2024.12.18 16:52:40 IST
Reason: SelfAttested